http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स


वर्ष : 18
अंक : 131

प्रयागराज रविवार 26 जनवरी 2025

पृष्ठः– 4, मूल्यः– एक रुपया

## बीजेपी का संकल्प पत्र पार्ट–3 जारी

**● अमित शाह का केजरीवाल पर निशाना, कहा– मासूम सा चेहरा लेकर झूठ बोलने आ जाते हैं**



नयी दिल्ली,(एजेंसी)। अमित शाह ने कहा कि 2014 से नरेन्द्र मोदी जी ने देश के अंदर politics of performance को स्थापित किया है और भाजपा ने जितने भी चुनाव आए, उनमें जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने का गंभीरता से प्रयास किया है। इसलिए दिल्ली प्रदेश भाजपा ने महिलाओं, युवाओं, जेजे कलस्टर के निवासियों, असंगठित मजदूरों, मध्यम आय वर्ग, व्यापारियों, पेशेवरों के साथ नीचे तक जाकर सुझाव प्राप्त करने का काम किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र नई दिल्ली में जारी किया गया। अमित शाह ने कहा कि आज दिल्ली 2025 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का अंतिम हिस्सा जारी करने के लिए मैं आप सबके सामने उपस्थित हुआ हूं। जैसे कि भाजपा की परंपरा है, हम चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं, चुनाव को जनसंपर्क का माध्यम भी मानते हैं। और चुनावों के माध्यम से बनने वाली सरकारों के नीति निर्धारण को निश्चित करने के लिए हम जनता के बीच जाकर चुनाव में भाजपा से उनकी क्या अपेक्षा है, ये जानकारी भी एकत्र करते हैं। भाजपा के लिए संकल्प पत्र विश्वास का सवाल होता है और करने वाले कामों की सूची होता है। ये कोरे वादे नहीं होते हैं। अमित शाह ने कहा कि 2014 से नरेन्द्र मोदी जी ने देश के अंदर politics of performance को स्थापित किया है और भाजपा ने जितने भी चुनाव आए, उनमें जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने का गंभीरता से प्रयास किया है। इसलिए दिल्ली प्रदेश भाजपा ने महिलाओं, युवाओं, जेजे कलस्टर के निवासियों, असंगठित मजदूरों, मध्यम आय वर्ग, व्यापारियों, पेशेवरों के साथ नीचे तक जाकर सुझाव प्राप्त करने का काम किया है। अलग–अलग प्रकार के 1 लाख 8 हजार लोगों ने अपने सुझाव दिए हैं। 62 प्रकार की अलग–अलग समूहों की बैठक की गई और 41 स्म्क वैन के माध्यम से हमने सुझाव मांगे। अमित शाह ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा और कहा कि केजरीवाल जो वादे करते हैं, वो पूरे नहीं करते। बीजेपी जितने भी चुनाव में वादे किए उनको पूरा किया है। बीजेपी ने सभी वर्गों को ध्यान में रखकर ये संकल्प पत्र तैयार किया है।

दिल्ली के बजट को देखकर समझ कर ये संकल्प पत्र जारी किया है। केजरीवाल वादे करते हैं लेकिन पूरे नहीं करते और मासूम सा चेहरा लेकर आ जाते हैं।

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो से मिले पीएम मोदी, बोले...

# हमारा सहयोग और मजबूत होगा

**● हैदराबाद हाउस में गर्मजोशी से हाथ मिलाया, राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत**
**● इंडोनेशिया के बीच कई क्षेत्रों में हुआ करार**



"इंडोनेशिया भारत को बहुत अच्छा दोस्त मानता है। भारत उन पहले देशों में से एक था, शायद पहला देश जिसने हमारी स्वतंत्रता को मान्यता दी, स्वतंत्रता के लिए हमारे संघर्ष में हमारा समर्थन किया, हम कभी नहीं भूलेंगे कि भारत ने हमारी मदद के लिए क्या किया।

नई दिल्ली,(एजेंसी)। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए हमने विनिर्माण और आपूर्ति में मिलकर काम करने का फैसला किया है। गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत पहुंच चुके हैं। गुरुवार की रात को वे नई दिल्ली पहुंचे। जहां एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री पावित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया। प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेने वाले इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति हैं। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की मौजूदगी में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत और इंडोनेशिया के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान हुआ। पीएम मोदी ने किया इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ष्भारत के पहले गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा है। मैं भारत में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो का स्वागत करता हूं।ष उन्होंने आगे कहा, ष्2018 में मेरी इंडोनेशिया यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाया। आज राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए हमने विनिर्माण और आपूर्ति में मिलकर काम करने का फैसला किया है। हमने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद–निरोध और डी–रेडिकलाइजेशन में सहयोग पर भी जोर दिया।ष पीएम मोदी ने आगे कहा, ष्समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में आज हस्ताक्षरित समझौता अपराध की रोकथाम, खोज एवं बचाव और क्षमता निर्माण में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगा।



## महाकुंभ में झारखंड से लाकर जाली नोट खपाने की कोशिश

प्रयागराज। मेले में झारखंड के तीन युवकों ने नकली नोट खपाने की कोशिश की। इनमें से एक तो पकड़ लिया गया, लेकिन उसके दो साथी भाग निकले। पकड़े गए युवक के कब्जे से दो जाली आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। घटना सेक्टर–6 में नागवासुकि मंदिर के पास हुई। हाथरस के मुरसान कोतवाली के नई बस्ती निवासी गोपाल शर्मा नागवासुकी मंदिर के पास सेक्टर–6 में प्रसाद की दुकान चलाते हैं। उनके दो कर्मचारी धोनी व राहुल बैठते हैं। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 से 1रू00 के बीच दुकान पर तीन युवक आए। इनमें से एक ने धोनी, जबकि दूसरे ने राहुल को 500 का नोट थमाया और 50 रुपये का सामान लेकर 450 वापस ले लिए। इसी दौरान तीसरे ने 500 का एक नोट उन्हें थमाया और 50 का सामान मांगा। नोट देखकर उन्हें इसके जाली होने का शक हुआ। इस पर जैसे ही उन्होंने उसे युवक से पूछताछ शुरू की तो तीनों भागने लगे। इस दौरान कर्मचारियों की सहयोग से एक युवक को पकड़ लिया गया। उसने अपना नाम अकबर सेठ निवासी अमानत (पलास गाछी) थाना लदा लगोर जिला साहेबगंज (झारखंड) बताया। यह भी बताया कि मौके से भाग निकलने वाले उसके साथियों में हलीम निवासी प्यारेपुर थाना लदा लगोर।

# छत्र चंवर के साथ पहली बार नजर आई ममता कुलकर्णी, किन्नर अखाड़े ने बनाया है महामंडलेश्वर

प्रयागराज। किन्नर अखाड़े में संन्यास की दीक्षा लेने के बाद महामंडलेश्वर बनाई गईं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी का नया अंदाज सामने आया है। वह छत्र और चंवर के साथ नजर आईं। शुक्रवार को संगम के तट पर पिंडदान करने के बाद किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की मौजूदगी में उनका पट्टाभिषेक किया गया। गेरुवा वस्त्र और रुद्राक्ष का माला ममता ने धारण किया है। जानी मानी फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने कुंभनगरी में आकर संन्यास दीक्षा ली। दीक्षा के बाद उनका नाम बदलकर अब श्रीयामाई ममतानंद गिरि हो गया। संगम तट पर उनकी संन्यास दीक्षा हुई। शाम को किन्नर अखाड़ा आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में उनका पट्टाभिषेक हुआ। हर–हर महादेव के जयकारों के साथ उनको अखाड़े में धर्मध्वजा के नीचे पट्टाभिषेक कराया गया। फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी बृहस्पतिवार को ही महाकुंभ नगरी पहुंच गई थीं। शुक्रवार सुबह सेक्टर–16 संगम लोवर मार्ग स्थित किन्नर अखाड़ा शिविर पहुंची। इसके बाद उनकी संन्यास दीक्षा क्रियाएं आरंभ हुईं। आचार्य पुरोहित की मौजूदगी में करीब दो घंटे तक संन्यास दीक्षा हुई। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर गर्गाचार्य मुचकुंद, पीठाधीश्वर स्वामी महेंद्रानंद गिरि समेत अन्य संतों की मौजूदगी में धार्मिक क्रियाएं हुईं। इसके बाद शाम को संगम तट पर पिंडदान हुआ। सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्म 'करण अर्जुन (1995)' में ममता कुलकर्णी ने बिंदिया का किरदार निभाया था। इस फिल्म में ममता के हिस्से डांस सॉन्ग आए, जिसमें वह दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं। इसी फिल्म में उन पर एक गाना 'गुप चुप गुप चुप' फिल्माया गया था, जो काफी हिट साबित हुआ। नाना पाटेकर की फिल्म 'तिरंगा (1992)' में भी ममता कुलकर्णी का रोल बहुत छोटा था लेकिन उन पर दर्शकों का ध्यान जरूर गया। उन्होंने फिल्म में हरीश क मंगेतर का रोल किया था। सैफ अली खान के अपोजिट फिल्म 'आशिक आवारा' में ममता नजर आईं। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी। फिल्म में ममता के किरदार का नाम ज्योति था। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी स्टारर फिल्म 'वक्त हमारा है (1993)' में ममता कुलकर्णी अक्षय कुमार के किरदार की गर्लफ्रेंड के रोल में नजर आईं। यह एक रोमांटिक, एक्शन–कॉमेडी फिल्म थी। फिल्म में वह अक्षय के साथ रोमांस और गानों में डांस करती हुईं ज्यादा दिखीं। ममता कुलकर्णी फिल्म 'क्रांति वीर (1994)' का भी हिस्सा थी, इसमें वह अतुल अग्निहोत्री की गर्लफ्रेंड के रोल में दिखीं। फिल्म में नाना पाटेकर और डिंपल कपाड़िया मुख्य भूमिकाओं में थे। वहीं फिल्म 'बाजी (1995)' में भी ममता कुलकर्णी आमिर खान के साथ नजर आईं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म 'सबसे बड़ा खिलाड़ी (1995)' में ममता कुलकर्णी अक्षय कुमार के साथ दिखीं।

## मोरारी बापू बोले– मानस गंगा में गोता लगाने से जीवन का होता है उद्धार, सिद्धि का होता है लाभ

प्रयागराज। परमार्थ निकेतन में मानस कथा में मोरारी बापू ने कहा कि मानस, वेद, गीता–ग्रंथ सब यहीं पर रहेंगे। लेकिन, साधु चले जाएंगे। इसलिए उनके साथ बैठना ही महाकुंभ का वास्तविक प्रसाद है। उन्होंने कहा कि पद, प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि पूज्य संतों के आशीर्वाद से ही प्राप्त होती है। गंगा जी में जितनी बार गोता लगाओ, उतना ही फायदा है। मानस गंगा में गोता लगाने से तो जीवन का उद्धार हो जाता है। उन्होंने कहा कि सिद्धि का लाभ होता है। लेकिन, शुभ तो विश्व कल्याण करता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बापू ने अहिल्या जी की दिव्य कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि रामायण विचारक और सुधारक दोनों को जन्म देती है। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि कन्या है तो कल है और गंगा है तो जल है। ये दोनों हमारे भारत के भविष्य और समग्र विश्व की पवित्रता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि हम कन्याओं को बचाने की दिशा में कदम नहीं उठाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों को किस तरह से बचाएंगे। स्वामी ने कहा कि अब हमें प्रतिस्पर्धा की नहीं, श्रद्धा की आवश्यकता है। क्योंकि, केवल प्रतिस्पर्धा बिखराव पैदा करती है और श्रद्धा सहयोग को जन्म देती है। स्वामी चिदानंद सरस्वती और मोरारी बापू ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर स्वामी संतोष दास (सतुआ बाबा), साध्वी भगवती सरस्वती रहीं।

### महाकुम्भ मेला 2025 के दौरान मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन, समय में संशोधन एवं आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन।

भारतीय रेल द्वारा सम्मानित श्रद्धालुओं / रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये निम्नलिखित मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन, समय में संशोधन एवं आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है :–

**(1) गाड़ी संख्या 04117/04118 प्रयागराज–अयोध्या अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी (दैनिक)**

| 04117 प्रयागराज–अयोध्या | | | 04118 अयोध्या से प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| — | 22:20 | प्रयागराज जं. | 10:15 | — |
| 22:34 | 22:36 | प्रयाग | 09:50 | 09:52 |
| 22:50 | 22:52 | फाफामऊ जं. | 09:35 | 09:37 |
| 23:12 | 23:14 | मऊआइमा | 08:30 | 08:32 |
| 23:40 | 23:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ | 07:50 | 07:55 |
| 00:30 | 00:35 | सुल्तानपुर | 07:00 | 07:05 |
| 03:00 | 03:05 | अयोध्या कैण्ट | 05:33 | 05:38 |
| 03:30 | — | अयोध्या धाम जं. | — | 05:15 |

• प्रयागराज जं. से : गाड़ी संख्या 04117 दिनांक 25.01.25 से 28.02.25 तक
• अयोध्या धाम जं. से : गाड़ी संख्या 04118 दिनांक 26.01.25 से 01.03.25 तक

**(2) गाड़ी संख्या 01821/01822 ग्वालियर–सूबेदारगंज अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी**

| 01821 ग्वालियर–सूबेदारगंज | | | 01822 सूबेदारगंज से ग्वालियर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| — | 21:40 | ग्वालियर | — | 18:00 |
| 21:57 | 21:59 | शनीचरा | 16:25 | 16:27 |
| 22:10 | 22:12 | मालनपुर | 16:10 | 16:12 |
| 22:30 | 22:32 | गोहद रोड | 15:30 | 15:32 |
| 22:50 | 22:52 | सोनी | 15:13 | 15:15 |
| 23:30 | 23:35 | भिण्ड | 14:50 | 14:55 |
| 00:55 | 01:00 | इटावा जं. | 13:50 | 13:55 |
| 01:50 | 01:52 | फफूँद | 13:00 | 13:02 |
| 02:28 | 02:30 | झींझक | 12:33 | 12:35 |
| 03:55 | 03:57 | रूरा | 12:15 | 12:17 |
| 04:55 | 05:00 | गोविन्दपुरी | 11:30 | 11:35 |
| 06:00 | 06:05 | फतेहपुर | 09:50 | 09:55 |
| — | 08:00 | सूबेदारगंज | — | 08:30 |

• ग्वालियर से : गाड़ी संख्या 01821 दिनांक 27.01.2025 से 29.01.2025 तक
• सूबेदारगंज से : गाड़ी संख्या 01822 दिनांक 28.01.2025 से 30.01.2025 तक

**(3) गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा–रीवा कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी**

| 09817 कोटा – रीवा | | | 09818 रीवा – कोटा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| — | 08:45 | कोटा | 09:45 | — |
| 14:30 | 14:35 | आगरा फोर्ट | 03:25 | 03:30 |
| 16:35 | 16:37 | टूण्डला | 02:25 | 02:30 |
| 17:50 | 17:52 | इटावा जं. | 00:01 | 00:03 |
| 20:10 | 20:15 | गोविन्दपुरी | 21:50 | 21:55 |
| 21:20 | 21:22 | फतेहपुर | 20:35 | 20:37 |
| 01:45 | 01:50 | प्रयागराज जं. | 18:30 | 18:35 |
| 04:50 | 04:52 | मानिकपुर | 15:53 | 15:55 |
| 07:30 | — | रीवा | — | 12:00 |

• कोटा से : गाड़ी संख्या 09817 दिनांक 07.02.25 एवं 22.02.25 • रीवा से : गाड़ी संख्या 09818 दिनांक 09.02.25 एवं 24.02.25

**(4) पूर्व संचालित गाड़ी संख्या 04111/04112 एवं 04113/04114 प्रयागराज जं. – प्रयागराज जं. अनारक्षित रिंग रेल सेवा की अवधि को बढ़ाया गया है यह गाड़ी दिनांक 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 को भी चलेगी**

**(5) गाड़ी सं. 07382 टूण्डला–श्री. सि. स्वा. हुब्बल्लि कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी के समय में संशोधन**

| स्टेशन | संशोधित समय आगमन | संशोधित समय प्रस्थान | तिथि से प्रभावी |
|---|---|---|---|
| टूण्डला | — | 17:10 | 09.02.2025 (रविवार) |
| इटावा | 18:08 | 18:10 | |
| गोविन्दपुरी | 20:25 | 20:30 | |
| फतेहपुर | 21:30 | 21:32 | |
| प्रयागराज | 02:05 | 02:10 | 10.02.2025 (सोमवार) |
| श्री. सि. स्वा. हुब्बल्लि तक के समय में कोई परिवर्तन नहीं है। | | | |
| श्री. सि. स्वा. हुब्बल्लि | — | 18:40 | 11.02.2025 (मंगलवार) |

**(6) रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन**

• गाड़ी संख्या 54101 प्रयागराज संगम–कानपुर अनवरगंज पैसेन्जर अपने प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि दिनांक 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 को प्रयागराज संगम के स्थान पर फाफामऊ जं. स्टेशन से समय 16:20 बजे चलेगी।

• गाड़ी संख्या 54102 कानपुर अनवरगंज–प्रयागराज संगम पैसेन्जर अपने प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि दिनांक 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 को प्रयागराज संगम के स्थान पर फाफामऊ जं. स्टेशन पर समय 08:40 बजे पहुँचेगी।

169/25 (C)

नोट : रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय–सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139, एनटीईएस ऐप रेल मदद वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं० 1800 4199 139 | उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in

### महाकुम्भ मेला 2025 के दौरान मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा मेले में आने वाले अपने सम्मानित श्रद्धालुओं/रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये विभिन्न मेला विशेष रेलगाड़ियों के संचालन की व्यवस्था की गयी है। इसी क्रम में समय–सारणीबद्ध निम्न रिंग रेल सेवा सहित आरक्षित, अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त अन्य मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

**दिनांक 26 व 27 जनवरी, 2025 (रवि. एवं सोम.) को चलने वाली अनारक्षित रिंग रेल सेवा मेला विशेष रेलगाड़ियाँ**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान का समय | स्टेशन तक | आगमन का समय | मार्ग के अन्य स्टेशनों पर ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. | 06:00 | प्रयागराज जं. | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हण्डिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई, मड़ियाहू, ज़फराबाद, जौनपुर, शाहगंज, अकबरपुर, गोसाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, मऊआइमा, फाफामऊ एवं प्रयाग |
| 04112 | प्रयागराज जं. | 06:30 | प्रयागराज जं. | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. | 17:30 | प्रयागराज जं. | 07:45 | |
| 04114 | प्रयागराज जं. | 17:45 | प्रयागराज जं. | 08:00 | |
| 04109 | गोविन्दपुरी | 15:45 | गोविन्दपुरी | 07:00 | बिन्दकी रोड, फतेहपुर, खागा, सिराथू, भरवारी, प्रयागराज जं., नैनी, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बाँदा, रागौल, भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर रोड, घाटमपुर एवं भीमसेन |
| 04110 | गोविन्दपुरी | 07:30 | गोविन्दपुरी | 21:30 | |
| 01803 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 12:00 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 09:00 | चिरगाँव, मोठ, एट, उरई, कालपी, पुखरायां, भीमसेन, बिन्दकी रोड, फतेहपुर, खागा, सिराथू, भरवारी, प्रयागराज जं., नैनी जं., शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बाँदा, महोबा, कुलपहाड़, हरपालपुर, मऊरानीपुर, निवाड़ी एवं ओरछा |
| 01804 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 20:10 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 16:30 | |

**दिनांक 26 व 27 जनवरी, 2025 (रवि. एवं सोम.) को चलने वाली आरक्षित मेला विशेष रेलगाड़ियाँ**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान का समय | स्टेशन तक | आगमन का समय | मार्ग के अन्य स्टेशनों पर ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर |
| 03219 | पटना | 14:25 | प्रयागराज | 22:00 | चुनार, मिर्ज़ापुर, विन्ध्याचल, माण्डा रोड, मेजा रोड एवं नैनी |
| 03220 | प्रयागराज | 22:35 | पटना | 09:15 | |
| 03689 | गया | 02:20 | प्रयागराज | 10:10 | |
| 03690 | प्रयागराज | 11:00 | गया | 18:45 | |
| 01901 | आगरा फोर्ट | 06:31 | सूबेदारगंज | 14:00 | यमुना ब्रिज, टूण्डला फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, इटावा, भरथना, फफूंद, झींझक, रूरा, पनकी धाम, कानपुर सेंट्रल एवं फतेहपुर |
| 01902 | सूबेदारगंज | 14:30 | आगरा फोर्ट | 21:49 | |
| 03022 | टूण्डला | 11:20 | हावड़ा | 15:20 | इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज एवं मिर्ज़ापुर |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी |
| 07702 | आज़मगढ़ | 19:45 | गुंटूर | 09:00 | मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी एवं मानिकपुर |
| 09020 | दानापुर | 23:30 | वलसाड | 09:30 | चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी एवं मानिकपुर |
| 01034 | मऊ | 23:50 | छत्र. शिवाजी महाराज टर्मि. | 14:30 | |
| 09421 | साबरमती | 10:25 | बनारस | 14:45 | आगरा फोर्ट, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर एवं प्रयागराज |
| 03033 | हावड़ा | 00:30 | भिण्ड | 01:05 | मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, फतेहपुर, गोविन्दपुरी एवं इटावा |

**दिनांक 27 जनवरी, 2025 (सोमवार) को चलने वाली आरक्षित मेला विशेष रेलगाड़ियाँ**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान का समय | स्टेशन तक | आगमन का समय | मार्ग के अन्य स्टेशनों पर ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 05612 | टूण्डला | 03:00 | कामाख्या | 17:45 | इटावा, गोविन्दुपरी, फतेहपुर, प्रयागराज एवं मिर्ज़ापुर |
| 05812 | टूण्डला | 11:20 | नाहरलगुन | 05:50 | |
| 09422 | बनारस | 19:30 | साबरमती | 01:25 | प्रयागराज, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूण्डला एवं आगरा फोर्ट |
| 08252 | बनारस | 10:50 | रायगढ़ | 05:25 | चुनार, प्रयागराज छिवकी एवं मानिकपुर |
| 03034 | भिण्ड | 03:30 | हावड़ा | 030:30 | इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज एवं मिर्ज़ापुर |
| 07720 | गया | 14:15 | गुंटूर | 04:00 | प्रयागराज छिवकी एवं मानिकपुर |
| 07726 | पटना | 11:30 | काचीगुडा | 07:00 | |
| 07420 | दानापुर | 14:00 | सिकंदराबाद | 23:50 | |
| 07648 | दानापुर | 08:00 | सिकंदराबाद | 19:00 | |

नोट : रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय-सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139, एनटीईएस ऐप रेल मदद वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं० 1800 4199 139 | उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 172/25 (ADM)

### अनारक्षित मेला स्पेशल का संचालन एवं रिंग रेल सेवा का मार्ग परिवर्तन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित श्रद्धालुओं/रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये बीना-सूबेदारगंज अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी के संचालन एवं रिंग रेल का मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 01819/01820 बीना-सूबेदारगंज अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 01819 बीना - सूबेदारगंज | | | गाड़ी संख्या - 01820 सूबेदारगंज - बीना | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:50 | बीना | 03:00 | ---- |
| 18:40 | 18:45 | ललितपुर जं. | 01:05 | 01:10 |
| 19:30 | 19:35 | टीकमगढ़ | 22:10 | 22:15 |
| 20:25 | 20:27 | खरगापुर | 21:35 | 21:37 |
| 22:20 | 22:25 | महाराजा छत्रसाल स्टे. छतरपुर | 20:28 | 20:33 |
| 23:30 | 23:55 | खजुराहो | 19:35 | 19:50 |
| 01:13 | 01:15 | महोबा जं. | 18:28 | 18:30 |
| 02:30 | 02:50 | खैरार जं. | 17:10 | 17:30 |
| 03:23 | 03:25 | रागौल | 16:33 | 16:35 |
| 03:45 | 03:47 | भरुआ सुमेरपुर | 16:15 | 16:17 |
| 04:18 | 04:20 | घाटमपुर | 15:43 | 15:45 |
| 05:50 | 05:55 | गोविन्दपुरी | 14:50 | 14:55 |
| 06:45 | 06:47 | बिन्दकी रोड | 13:00 | 13:02 |
| 07:20 | 07:22 | फतेहपुर | 12:30 | 12:32 |
| 07:50 | 07:52 | खागा | 11:38 | 11:40 |
| 08:13 | 08:15 | सिराथू | 11:15 | 11:17 |
| 08:35 | 08:37 | भरवारी | 10:35 | 10:37 |
| 09:20 | ---- | सूबेदारगंज | ---- | 09:50 |

**बीना से:-** गाड़ी संख्या 01819, दिनांक 28.01.2025 से 31.01.2025, 02.02.2025 से 05.02.2025, 11.02.2025 से 14.02.2025 एवं 25.02.2025 से 28.02.2025 तक। **सूबेदारगंज से:-** गाड़ी संख्या 01820, दिनांक 29.01.2025 से 01.02.2025, 03.02.2025 से 06.02.2025, 12.02.2025 से 15.02.2025 एवं 26.02.2025 से 01.03.2025 तक।

**रिंग रेल सेवा का मार्ग परिवर्तित**

गाड़ी सं. 04109/04110 गोविन्दपुरी-प्रयागराज-गोविन्दपुरी एवं गाड़ी सं. 01803/01804 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-प्रयागराज-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रिंग रेल सेवा प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025, 03.02.2025 एवं 04.02.2025 को गोविन्दपुरी-कानपुर लोको केबिन-चन्दारी के स्थान पर गोविन्दपुरी-कानपुर सेंट्रल-चन्दारी के रास्ते चलेगी।

नोट:- रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय-सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139, एनटीईएस ऐप एवं रेल मदद वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं० 1800 4199 139 | उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 175/25 (A)

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की सुनील कुमार सोनकर पुत्र सुरेश चन्द्र सोनकर 51बी/58, मोहल्ला हिम्मतगंज, पुरूषोत्तम नगर, प्रयागराज 200 वर्गफुट का मकान जिसकी चौहद्दी पूरब कन्हैयालाल का मकान, पश्चिमी 15 फीट रास्ता, उत्तर–सीताराम का मकान, दक्षिण–5 फीट गली के मालिक है जो कि यह सम्पत्ति ताराचन्द्र पुत्र छेदीलाल को बेच रहे हैं अगर किसी को आपत्ति हो तो वह 7 दिनों के अन्दर आपत्ति दर्ज करायें इसके पश्चात् किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा और न ही किसी न्यायालय में स्वीकार होगा।

सतीश मिश्रा
बैंक अधिकारी
M. 9109763899

सोमिल श्रीवास्तव
M. 9415485448


सम्पादक
**सिद्धनाथ द्विवेदी**
प्रबन्धक निदेशक
**दीपक जयसवाल**
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



आप सभी नगर वासियों को 26 जनवरी 2025 की शुभकामनाए

ST. FRANCIS SCHOOL
BERUWA, KAUSHAMBI



Let us remember the golden heritage of our country and feel proud to be a part of India.

HAPPY REPUBLIC DAY



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेल: amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062